गुणवत्ता, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण नीति (क्यूएचएसई)

हमारा लक्ष्य

दुनिया भर में बायर की प्रमुख साइट्स में अपने स्थान को बनाए रखते हुए एग्रो केमिकल्स और एग्रो इंटरमीडिएट्स के उत्पादन में क्यूएचएसई उद्योग के दिग्गज के रूप में अपनी पहचान बनाना और चिरस्थायी विकास, रेस्पोन्सीबल केयर ® के लिये प्रतिबद्धता और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के हमारे वैश्विक सिद्धांतो पर चलते हुए ग्राहकों को संतुष्ट करना।

एक संस्थानिक पर्यावरण प्रदान करना और बनाए रखना, जहाँ हमारे कर्मचारी चोट और कार्य संबंधी अस्वस्थताओं से सुरक्षित रह कर काम कर सकें और संगठन, समाज एवं पर्यावरण की दिशा में सकारात्मक योगदान कर सकें।

हमारे मूल्य

हम अपना व्यापार पर्यावरण के प्रति सम्मान और देखभाल की भावना के साथ चलाते हैं, और लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करते, चाहे बात हो हमारे कर्मचारियों की, ग्राहकों की या दुनिया भर के नागरिकों की हो।

हम सभी कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं और उचित अंतर्राष्ट्रीय स्तरों को पूरा या पार करते हुए लगातार अपनी व्यापारिक प्रक्रियाओं में सुधार लाते हैं।

हम अपने ग्राहकों को सफलता दिलाने और अपने व्यापार में मूल्य निर्माण के लिए उत्कृष्ट उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करते हैं। हम क्यूएचएसई मुद्दों पर खुली और पारदर्शी बातचीत का वातावरण प्रदान करते हैं।

हम समझते हैं कि, हमारी कंपनी समुदाय और ग्राहकों की ज़रूरतों को समझने और पूरा करने के लिए, हमारे कर्मचारियों की कुशलता और सहभागिता बेहद आवश्यक है।

हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति करते हैं।

हम अपने LIFE (लीडरशीप - नेतृत्व, इंटीग्रीटी - ईमानदारी, फ्लेक्सिबिलिटी - नमनीयता और एफीशिंयसी - दक्षता) मूल्यों में विश्वास रखते हैं और दुनिया भर में अपनी प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए अपने दैनिक जीवन में इनका पालन करेंगे। हम अपने व्यवहारों - ग्राहकों पर ध्यान, प्रयोग, सहकार्य और विश्वास पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें और भी मज़बूत बना कर अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते रहेंगे।

हमारी प्रतिबद्धता

इन सिद्धांतों के पालन के लिए हम

- क्यूएचएसई सिद्धांतो को व्यापारिक योजनाओं और प्रक्रियाओं के साथ जोड़ेंगे।
- क्यूएचएसई का प्रभावी प्रबन्धन बनाने हेतु कार्यप्रणाली को उत्तम, प्रक्रिया-केंद्रित, समेकित एवमं साझा करते हुऐ लागू करेंगे।
- अपनी कानूनी या नियामक आवश्यकताओं को लगातार पूरा करते हुए या उनसे आगे बढ़ते हुए लगातार अपनी व्यापारिक प्रक्रियाओं में सुधार लाते रहेंगे और ईमानदारी तथा प्रशासन के उच्चतम स्तरो का पालन करेंगे।
- उत्पाद के संपूर्ण जीवन चक्र में व्यापार के क्यूएचएसई जोखिमों को पहचानेंगे एवं इनके प्रभावों का मूल्यांकन और प्रबंधन करेंगे।
- क्यूएचएसई प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे और निरंतर, चिरस्थायी सुधार के लिए वार्षिक और लंबी अवधि के क्यूएचएसई लक्ष्य विकसित करेंगे।
- लेखा-परीक्षणों द्वारा आवश्यकताओं के अनुपालन की जाँच करेंगे और आइएसओ 9001, आइएसओ 14001 और आइएसओ 45001 जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तरो के अनुपालन का प्रयास करेंगे।
- पर्यावरण एवं समुदाय की सुरक्षा करते हुऐ अपने व्यापार को समाज और ग्राहकों की उम्मीदों के अनुसार ढलने के लिए क्यूएचएसई संबंधी समस्याओं को दूर करेंगे और कार्यपद्धतियों, प्रक्रियाओं और उत्पादों पर उनके प्रभावों का समाधान करेंगे।
- हमारे हितधारको को सहायता प्रदान करेंगे जो कि रसायनो के उत्पादन, रख रखाव एवं परिवहन में संलिप्त है।
- संबधित हितधारकों को उत्पादो या रसायनों के खतरों से संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे एंव सुरक्षात्मक उपाय व परामर्श देंगे।
- प्रत्येक कर्मचारी को क्यूएचएसई के प्रति जिम्मेदारी से अवगत करायेंगे एवं प्रतिबद्धता की मांग करेंगे।
- सभी हितधारको के समर्पित, अनुशासित, सम्मिलित सहकार्य के द्वारा कंपनी को चिरस्थायी परिणाम देंगे।

नरेन्द्र के. शाह
डायरेक्टर एवं साइट मैनेजर
संशोधन : 01, वापी, जुलाई-2020